**जनपद- हमीरपुर**

**दिनांक 25.11.2026**

## आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 25.11.2026 को आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस परेड ग्राउण्ड, हमीरपुर में श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर की संयुक्त अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यों से संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों की संवेदनशीलता, कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति, पोलिंग सेंटर एवं मतदेय स्थलों की उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन से संबंधित आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर पोलिंग सेंटर एवं मतदेय स्थलों का भौतिक निरीक्षण करने, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करने, क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं प्रभावी संवाद स्थापित करते हुए निर्वाचन संबंधी दायित्वों का समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



